सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-338, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 17 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### इजरायल का तेहरान पर बड़ा हमला

# ईरानी आर्मी चीफ शादमानी ढेर

**तेल-अवीव।** इजरायली सेना इजरायल पर बड़ा हमला करने का दावा किया है। इजरायली सेना (आईडीएफ) के मुताबिक उसने तेहरान पर किए गए एक हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी और आईआरजीसी (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स) के खातम-अल अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रमुख मेजर जनरल अली शादमानी की हत्या कर दी है। आईडीएफ ने एक ट्वीट करके यह जानकारी एक्स पर साझा की है।

पांच दिनों में दूसरी बार ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ और सर्वोच्च सैन्य कमांडर अली शादमानी को एक हवाई हमले में मार गिराया है। यह हमला तेहरान के केंद्रीय क्षेत्र में आईएएफ (इजराइली एयर फोर्स) द्वारा सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया। अली शादमानी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का सबसे करीबी सैन्य सलाहकार और देश का वरिष्ठतम सैन्य अधिकारी माना जाता था।



### ईरान ने भी किया पलटवार

तेहरान में जोरदार धमाकों से शहर दहल उठा है। वहीं ईरान भी इजरायल पर पलटवार कर रहा है। इससे तेल अवीव में एयर रेड सायरन बजने लगे हैं। इस बीच ईरान ने एक और घोषणा की है कि वह इजरायली भूमि पर अब तक का सबसे बड़ा और सबसे तीव्र मिसाइल हमला करने की तैयारी कर रहा है। ईरान की मिसाइल हमले की चेतावनी के कुछ ही देर बाद तेल अवीव और पश्चिम यरुशलम के ऊपर जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

### भारतीयों को तेहरान से निकालने की प्रक्रिया शुरू

इससे पहले ईरान-इस्राइल के बीच बढ़े सैन्य तनाव के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान से भारतीय छात्रों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। तीन विश्वविद्यालयों के छात्रों को फिलहाल सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। अन्य छात्रों को भी स्थानांतरित किया जा रहा है। ईरान में करीब 1500 कश्मीरियों समेत 10 हजार भारतीय छात्र हैं। अधिकतर छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए वहां हैं। ईरान और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष के और बढ़ने पर भारत ने अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। भारत ने अपने लोगों से तुरंत तेहरान छोड़ने को कहा है। उनसे भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने और तेहरान से बाहर आने के लिए उचित व्यवस्था न हो पाने तक सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा गया है। ईरान में भारतीय दूतावास ने कहा कि सभी भारतीय नागरिक और पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजिन (भारतीय मूल के व्यक्ति) जो अपने संसाधनों का उपयोग करके तेहरान से बाहर जा सकते हैं, उन्हें शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी जाती है।

# जी-7 छोड़ लौटे ट्रंप

### युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं : अमेरिकी राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दावों को खारिज करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें किसी और कारण से जी7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ना पड़ा। इससे पहले मैक्रो ने दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम कराने की पेशकश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से उनके लौटने का निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। यह उससे कहीं ज्यादा बड़ी बात है। उन्होंने इस पर अधिक स्पष्टीकरण दिए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक बुलाई।



### ट्रंप ने क्या कहा?

ट्रंप ने लिखा, 'प्रचार चाहने वाले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गलती से कहा कि मैं कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वापस डीसी जा रहा हूं, ताकि इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर काम कर सकूं। गलत! उन्हें नहीं पता कि मैं अब वॉशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। इससे कहीं ज्यादा बड़ा और जरूरी काम है। चाहे जानबूझकर हो या अनजाने में इमैनुएल हमेशा गलत ही बोलते हैं।

### रूस के यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल हमले

# 14 मरे, 40 से अधिक घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में रातभर किए गए रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी और 44 घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि हमले में 14 लोगों की मौत हो गयी है, एक रिहायशी इमारत ढेर हो गयी तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यूक्रेन की आपात सेवा ने बताया कि हमले में 44 लोग घायल हुए हैं। यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए एकजुट हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के भी इस सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि हमले में छर्रा लगने से घायल हुए एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गयी है। मंगलवार को रातभर विस्फोट की आवाजें सुनी गयी।



## एअर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द

**अहमदाबाद।** तकनीकी खराबी के कारण एअर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द कर दी गई है। यह वही रूट है, जिस पर अक-171 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान एआई-159 दोपहर 1.10 बजे अहमदाबाद से रवाना होना था। इसका लंदन पहुंचने का समय शाम 6.25 बजे बताया गया। इससे पहले सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट के एक इंजन में आज तकनीकी खराबी आ गई थी। इस वजह से कोलकाता के हवाई अड्डे पर विमान के निर्धारित ठहराव के दौरान यात्रियों को नीचे उतारना पड़ा। फ्लाइट एआई180 समय पर (रात 12.45 बजे) हवाई अड्डे पर पहुंची, लेकिन बाएं इंजन में तकनीकी खराबी के कारण उड़ान में देरी हुई।

■ सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जाने वाली फ्लाइट कोलकाता में रुकी




## यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा रिजल्ट हुआ घोषित

### सूरज पटेल ने किया टॉप

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। राजधानी लखनऊ में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रजनी तिवारी संयुक्त रूप से इस परिणाम को जारी किया। यह परीक्षा बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, झांसी की ओर से 1 जून को आयोजित की गई थी। मिजार्पुर के सूरज कुमार पटेल ने साइंस स्ट्रीम से 362.66 अंक हासिल करके राज्यभर में पहला स्थान हासिल किया है।



# कोट पर कनाडा का फ्लैग लगाकर पहुंचे ट्रंप

## ब्रिटिश पीएम ने उठाए ट्रंप से गिरे पन्ने

**अल्बर्टा।** कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में जी7 समिट की शुरूआत हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प से ब्रिटेन के साथ हुई बिजनेस डील की फाइल के पन्ने जमीन पर गिर गए, जिन्हें ब्रिटिश पीएम ने उठाया। जी7 समिट के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई। ट्रम्प प्रेस के सामने बिजनेस डील का डॉक्यूमेंट दिखा रहे थे, तभी फाइल के कुछ पन्ने नीचे गिर गए। जी7 समिट के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई। जी7 समिट में हिस्सा लेने आए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा के साथ वाले झंडे की पिन अपने कोट पर लगाई थी। दरअसल ट्रम्प कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाना चाहते हैं। जी7 मीटिंग के दौरान फ्रांस



के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इटली की पीएम मेलोनी से कुछ धीरे से कहा, जिस पर मेलोनी का शॉकिंग रिएक्शन था। कनाडा पीएम ने कहा- अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, जापान, यूनाइटेड किंगडम और इटली के नेता एक साथ बैठे हैं। दुनिया हमारी तरफ देख रही है।

# राजा हत्याकांड का क्राइम सीन रिक्रिएशन

## शिलांग के सोहरा पहुंची फोरेंसिक टीम, एसडीआरएफ और पुलिस मौके पर मौजूद

**मेघालय।** शिलांग के सोहरा में राजा रघुवंशी हत्याकांड को लेकर मेघालय पुलिस और फोरेंसिक टीम घटना स्थल पर सीन रीक्रिएट करने पहुंची। 23 मई को राजा की हत्या हुई थी। जिसमें पत्नी सोनम रघुवंशी, उसके प्रेमी राज कुशवाह समेत 5 लोग शामिल थे। पुलिस सभी आरोपियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंची और मर्डर के क्रम को समझने की कोशिश करेगी। आज फोरेंसिक क्राइम सीन यूनिट की एक टीम शिलांग के सोहरा के वेई सावडोंग फॉल्स पहुंची। एसडीआरएफ और



पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची हुई है। जहां मेघालय पुलिस राजा हत्याकांड के सीन को रिक्रिएट कराएगी। जिस जगह पर राजा का मर्डर हुआ, उसी जगह पर हत्याकांड के सीन को रिक्रिएट किया जाएगा।

**ये है पूरा मामला :** दरअसल, इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (30) और सोनम रघुवंशी (25) की 11 मई को इंदौर में शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों हनीमून के लिए पहले कश्मीर जाने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने कामाख्या मंदिर दर्शन के बहाने मेघालय का रुख किया। 20 मई को दोनों इंदौर से बेंगलुरु और फिर असम के गुवाहाटी होते हुए मेघालय पहुंचे। 22 मई को शिलांग के मावलखियाट गांव स्थित शिपारा होम स्टे में रुके। 23 मई को सोनम ने 3 साथियों के साथ मिलकर राजा की हत्या कर दी और शव को गहरी खाई में फेंककर लापता हो गई।

# लड़के ने लड़की को गोद में बैठाकर एक्सप्रेसवे पर दौड़ाई बाइक

## पुलिस ने ठोका 53,500 रूपये का चालान

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक बाइकर लड़की को गोद में बैठाकर पूरी मौज से बाइक से दौड़ा रहा था। लड़के की इस अजीब हरकत को किसी ने अपने कैमरे में



रिकॉर्ड कर पोस्ट कर दिया। जिसके बाद बाइक सवार लड़के-लड़की का स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कपल बाइक पर खुलेआम रोमांस करता दिख रहा है। इस दौरान इस कपल ने न सिर्फ ट्रैफिक नियमों धज्जियां उड़ाईं बल्कि लोगों की जिंदगी भी खतरे में डाली। जैसे ही लोगों ने ये वीडियो देखा लोग तुरंत भड़क गए और कार्रवाई की मांग करने लगे।

### पुलिस ने काटा भारी-भरकम चालान

वीडियो वायरल होता देख पुलिस भी एक्शन में आ गई और बाइक सवार का भारी-भरकम चालान काट दिया। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बाइक के मालिक पर ?53,500 का भारी-भरकम चालान ठोंका है। नोएडा पुलिस अब वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान करने में जुटी हुई है। जाहिर सी बात है कि सरेआम एक बिजी सड़क पर इस तरह का स्टंट करना न सिर्फ ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखना है बल्कि ऐसी हरकतें भयंकर सड़क हादसों को दावत देते हैं। ऐसे में बाइकर पर पुलिस ने सख्त एक्शन लिया है।

### जम्मू कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला

# अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग पर ड्रोन उड़ाने पर सख्त मनाही

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर सरकार ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग द्वारा जारी घोषणा में कहा गया है कि इस क्षेत्र में एक जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है।

बहरहाल, यह पाबंदी मरीजों को उपचार के लिए विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। ऐसे अपवादों के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया बाद में जारी की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि तीन जुलाई से शुरू हो रही श्री अमरनाथजी यात्रा के मद्देनजर यात्रा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि श्री अमरनाथ जी यात्रा के पूरे मार्ग को एक जुलाई से 10 अगस्त तक नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाए।

आदेश में कहा गया है, इसलिए, श्री अमरनाथजी यात्रा, 2025 के दौरान मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाता है, जिसमें पहलगाम और बालटाल दोनों मार्ग शामिल हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी।

# सिंधु पानी रोक के बाद पाक में चिनाब का पानी 92% घटा

**इस्लामाबाद।** भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ 65 साल पुराना सिंधु जल समझौता रोक दिया था। अब पाकिस्तान में इसका असर दिखने लगा है। पाकिस्तान में चिनाब नदी का फ्लो 92% तक घट चुका है। नदी में 29 मई को वाटर फ्लो 98 हजार 200 क्यूसेक था। अब यह घटकर सिर्फ 7200 क्यूसेक रह गया है। पानी का स्तर 3000 क्यूसेक यानी डेड लेवल से भी नीचे जा सकता है। पंजाब और सिंध प्रांत के 6.5 करोड़ किसान सिंचाई के लिए चिनाब पर निर्भर हैं। पानी की कमी के चलते



यहां की 40% से ज्यादा फसल बर्बाद होने की कगार पर हैं। सिंधु पर बने तारबेला बांध और झेलम पर बने मंगला बांध में भी पानी की बहुत कमी है। इस वजह से पाकिस्तान का कृषि मंत्रालय मान चुका है कि इस बार खरीफ सीजन हाल के इतिहास का सबसे खराब हो सकता है। अब तक 2200 अरब रुपए का नुकसान पानी की कमी के चलते पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ किसान संगठनों में गुस्सा है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक ए /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

प्रधान संपादक अरविन्द सिंह

RNI Registration No UPHIN/2021/88376

निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

# यूपी के 54 जिलों में बारिश और आंधी-तूफान को लेकर अलर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्री-मानसून बारिश का असर लगातार देखने को मिल रहा है। बीते 48 घंटों में आंधी और बिजली गिरने से 41 लोगों की जान चली गई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के 54 जिलों में बारिश और आंधी-तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। इनमें से 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। बीते 24 घंटों में 46 से अधिक जिलों में बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश बरेली में 149 मिमी रिकॉर्ड की गई। यहां 6 घंटे की बारिश में कॉलोनियों और हाईवे पर घुटनों तक पानी भर गया। इस बीच, अब प्रदेश में लू (हीटवेव) का प्रभाव पूरी तरह





समाप्त हो गया है। सोमवार को किसी भी शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार नहीं गया। वाराणसी सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि जौनपुर 39.1 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### 17 से 20 जून के बीच यूपी में दस्तक देगा मानसून

मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 20 जून के बीच मानसून उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। यह बिहार से होते हुए कुशीनगर, गोरखपुर मार्ग से यूपी में दाखिल होगा। पिछले साल की तुलना में इस बार मानसून के आगमन की संभावना समय पर है। पिछली बार मानसून 20 जून के करीब आया था, लेकिन उसमें 10 दिन की देरी हो गई थी। वहीं, इस साल केरल में मानसून पहले ही 30 मई को पहुंच चुका है।

### इन जिलों के लिए अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने जिन जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है, उनमें शामिल हैं आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और इनके आसपास के इलाके हैं।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना ब्रज

मंगलवार, 17 जून, 2025 www.nnindianews.com



# दम्पत्ति ने आभूषण विक्रेता को नशीला पदार्थ पिलाकर लूटा

- सीआईएसएफ के जवान और उसकी पत्नी पर साजिश का आरोप
- हाथ-पैर बांधकर कार की डिग्गी डाला और फिर नहर में फेंका
- पुलिस ने मामला दर्जकर शुरू की जांच, एक आरोपी दबोचा

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज थाना क्षेत्र के नगला खंगर में पीढ़ियों से फेरी लगाकर घर-घर सोने-चांदी के आभूषण बेचने वाले युवक को एक दम्पत्ति ने साजिश के तहत नशीला पेय पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और फिर रस्सी से बांधकर रात तक घर में रखा। बाद में रात के अंधेरे में कार की डिक्की में डाल कर कुर्रा मैनपुरी के तखरऊ पुल से नहर में फेंक दिया। किसी तरह नहर में अपने हाथ पैर खोलने में कामयाब हुए युवक ने दंपत्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी के आदेश पर आरोपी दम्पत्ति पर रिपोर्ट दर्ज कर एक को हिरासत में लिया गया है।



गांव भदान निवासी शिवम सोने-चांदी के आभूषणों की फुटकर बिक्री का काम करता है। शनिवार को वह बड़ा नगला मुकुंद में सामान बेचने गया था। आरोप है कि दोपहर तीन बजे वह सीआईएसएफ में नौकरी करने वाले विनीत घर के पास पहुंचा। जहां विनीत की पत्नी शिवानी ने शिवम को आभूषण देखने के लिए घर के अंदर बुलाया। आरोप है कि शिवानी ने आभूषण देखने के दौरान उसे कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। उसे पीने के बाद शिवम पर बेहोशी छाने लगी। अचेत होने पर शिवानी और विनीत ने शिवम के हाथ पैर रस्सी से बांध कर उसे कमरे में बंद कर दिया। दोनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। रात करीब 8 बजे अंधेरा हो जाने के बाद विनीत उसे अपनी कार की डिक्की में डाल कर कुर्रा मैनपुरी ले गया और तखरऊ के पुल से नहर में फेंक दिया। किसी तरह शिवम ने नहर में अपने हाथ पैरों को खोलने का प्रयास किया। बंधन मुक्त होने के बाद शिवम नहर के रास्ते से मैनपुरी के बासखा गांव में पहुंच गया। जहां ग्रामीणों ने उसे चोर समझा, लेकिन जब शिवम ने अपनी पहचान बताई तो ग्रामीणों ने उसे गांव में शरण दी। सूचना मिलने पर शिवम के परिवारीजन बासखा पहुंच गए और उसे लेकर नगला खंगर थाने पहुंचे।

शिवम ने पुलिस को भी सारी घटना बताई। विनीत और उसकी पत्नी के विरुद्ध 5 लाख रुपये का सामान, नकदी, बाइक और आईफोन मोबाइल की लूट की तहरीर दी है। शिवम ने पुलिस को बताया कि विनीत सीआईएसएफ का कर्मी है। एसएसपी सौरभ दीक्षित से आनन फानन में टीम बिछाकर घटना की जानकारी जुटाई।

थाना प्रभारी गिरीश राजपूत ने बताया कि आरोपी दंपत्ति के विरुद्ध रिपोर्ट कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# घर के बाहर सो रही वृद्धा को किया लहूलुहान, आभूषण लूटे

- शिकोहाबाद में देर रात बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, फैली सनसनी
- पुलिस मामला दर्जकर बदमाशों की तलाश में जुटी, सीसीटीवी कैमरे खंगाले

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद क्षेत्र में पशुओं की रखवाली के लिए घर के बाहर चारपाई बिछाकर सो रही वृद्धा पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने वृद्धा को बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। बदमाश महिला के आभूषण लूटकर ले गए। गंभीर घायल वृद्धा को आगरा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वह आईसीयू में भर्ती है। एसपी ग्रामीण ने मौके पर आकर घटना का जायजा लिया है।



गांव मलिखानपुर नई बस्ती निवासी पूरन देवी (70) के पति शिवराम यादव का लगभग 20 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उसके दो बेटे कालीचरण और सतेंद्र हैं। सतेंद्र की करीब 9 वर्ष पूर्व फिरोजाबाद में हत्या हो गई थी। वृद्धा बीती रात अपने घर के बाहर बंधे हुए पशुओं की रखवाली के लिए चारपाई बिछाकर सो रही थी। रात दो बजे करीब हथियारबंद बदमाशों ने वृद्धा को लूट का शिकार बनाया। बदमाशों ने वृद्धा को बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद उसके कानों के कुंडल, पायल, नाक की नथ लूटकर ले गए। घटना की जानकारी परिजन को तब हुई, जब वृद्धा का बेटा कालीचरन सुबह पांच बजे करीब नींद से जागा। वह तैयार होकर फिरोजाबाद में चूड़ी के कारखाने में काम के लिए जा रहा था। उसने अपनी मां को लहूलुहान हालत में देखा तो उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर बाद एसपी ग्रामीण त्रिगुण बिसेन भी मौके पर आ गए। उन्होंने इंस्पेक्टर को आरोपियों की तलाश के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

घटना जिस समय हुई। उस दौरान घर के अंदर वृद्धा का बेटा कालीचरण, उसकी पत्नी गीता देवी एवं नाती विकास सो रहा था। जबकि दूसरा नाती आकाश बाहर नौकरी करता है। घटना के बाद परिवार पूरी तरह से डरा व सहमा है। एसपी ग्रामीण त्रिगुण बिसेन ने बताया कि घटना में घायल हुई वृद्धा का अभी आगरा में उपचार चल रहा है। सीसीटीवी खंगाले गए हैं। जल्द ही बदमाशों को हिरासत में ले लिया जाएगा।

# भीख मांगने वाले के पास से मिले 91 हजार, बैंक का खाता भी निकला

- रेलवे स्टेशन पर रहकर मांगता था भीख , प्लेटफार्म नम्बर 8 पर मृत हालत में मिला

एनएनआई

**मथुरा।** रेलवे जंक्शन मथुरा के प्लेटफार्म नंबर 8 पर मृत मिले भिखारी के पास से 91 हजार रुपये बरामद हुए। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टमगृह भिजवाया। साथ ही शव की पहचान के लिए आसपास के जिलों के थानों में फोटो भेजे गए हैं। मथुरा जंक्शन पर संचालित स्टाल के संचालकों ने बताया कि उक्त व्यक्ति प्रतिदिन यात्रियों से रुपये मांगकर गुजारा करता था, लेकिन सोमवार को अचानक उसकी मौत हो गई। इस भिखारी के पास से काफी नोट मिले हैं। उप निरीक्षक शिवपाल सिंह मौके पर पहुंचे और मृतक के सामान की तलाशी ली तो सभी दंग रह गए। सामान से मिली एक पुरानी थैली से नोटों के बंडल और सिक्के मिले, जिन्हें जीआरपी के सिपाहियों ने गिने जो 91 हजार 70 हजार रुपये निकले।

### पंजाब नेशनल बैंक की एक विड्रोल पर्ची भी मिली

प्लेटफार्म पर काम करने वाले लोगों ने बताया कि करीब 65 वर्षीय वृद्ध काफी दिन से प्लेटफार्म पर रहता था और यात्रियों से भीख मांगा करता था। उपनिरीक्षक ने बताया कि मृतक के झोले से 91070 रुपये के अलावा वृंदावन की पंजाब नेशनल बैंक की एक विड्रोल पर्ची भी मिली है। पर्ची में सिर्फ खाता संख्या और अंग्रेजी में नाम हरिदास देवनाथ लिखा था। साथ ही एक की-पैड वाला मोबाइल फोन मिला है, जिसमें सिम नहीं थी। पुलिस ने विड्रोल पर्ची के आधार पर वृंदावन की पंजाब नेशनल बैंक से मृतक के घर के बारे में पता किया तो खाते पर पानीघाट दुर्गानगर का पता निकला। सिपाहियों ने पानीघाट पहुंचकर मृतक का फोटो दिखाकर शव की पहचान के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि शव की पहचान

# मोटापे से चलने-फिरने से लाचार महिला ने फांसी के फंदे पर लटक दी जान

### थॉयराइड की बीमारी से थी ग्रस्त, इलात के बाद भी बढ़ रहा था वजन

- परेशान होकर उठाया आत्मघाती कदम, घर में मचा कोहराम

एनएनआई

**मैनपुरी।** किशनी थाना क्षेत्र के गांव जवापुर की रहने वाली 45 वर्षीय शकुंतला देवी थाइरायड बीमारी से ग्रसित थीं। उनका वजन लगातार बढ़ रहा था। चलने फिरने में भी परेशानी होती थी। इससे आहत होकर महिला ने फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। किशनी पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया।





किशनी थाना क्षेत्र के गांव जवापुर के रहने वाले राधाकृष्ण अहमदाबाद में नौकरी करते हैं। उनका पुत्र भी बाहर नौकरी करता है। बहू गांव में अपनी सास शकुंतला देवी के साथ रहती है। शकुंतला देवी थाइरायड की बीमारी से ग्रस्त थीं और लगातार उनका वजन बढ़ रहा था। इस वजह से उन्हें चलने फिरने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। थाइरायड का इलाज भी चल रहा था। गत रात बीमारी से परेशान होकर शकुंतला देवी ने घर के कमरे में लगे कुंडे में फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार की सुबह बहू जब उनके कमरे में पहुंची तो शव फंदे पर लटका देख चीख निकल गई। घर से शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। महिला की मौत के बाद घर में मातम छाया हुआ है।

# सड़क पर दौड़ती कार बनी आग का गोला

- फतेहाबाद जा रहे थे चारों कार सवार शिक्षक
- अचानक धुआं देख रोकी, भड़क उठी आग
- चलती कार में अचानक से लगी आग,कार सवार शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कूद कर बचाई अपनी जान

एनएनआई



**आगरा।** सड़क पर दौड़ती कार अचानक धू-धू कर जल उठी और देखते ही देखते आग के गोले में तब्दील हो गई। कार सवारों ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। घटना मंगलवार सुबह शमसाबाद क्षेत्र में बाइपास गढ़ी के समीप हुई। धू-धूकर जलती कार को देखकर इलाके में हड़कम्प मच गया। खंदारी निवासी संजय सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगोरा फतेहाबाद में शिक्षक हैं। वह मंगलवार सुबह अपने साथी शिक्षक सिंकदरा निवासी दिनेश शर्मा और श्वेता सिंह, जयपुरिया निवासी चचंल जैन के कार से स्कूल जा रहे थे। कार को दिनेश शर्मा चला रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 9.45 बजे थाना शमशाबाद क्षेत्र के बाईपास गढ़ी के पास अचानक कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। इस पर दिनेश ने कार को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच कार से आग की लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते धू-धू कर जलती कार आग के गोले में तब्दील हो गई। कार में मौजूद टीचरों ने किसी तरह नीचे कूदकर जान बचाई। कार से उठती आग की लपटों को देखकर सड़क पर वाहनों की रफ्तार जहां की तहां थम गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब आधा घंटे बाद फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। इंस्पेक्टर शमशाबाद हंसराज भदौरिया ने बताया कि बाइपास पर कार में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस टीम पहुंची। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

# "मांग" भरने के लिए 30 लाख की मांग

- उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही बनते ही दूल्हे के बढ़े भाव
- अब शादी के लिए रख दी 30 लाख रुपये की डिमांड

एनएनआई

**आगरा।** सगाई के बाद पुलिस में सिपाही बनते ही युवक के भाव बढ़ गए। उसने लड़की वालों को फोन कर दहेज में 30 लाख रुपये मांग कर दी। दहेज न मिलने पर शादी तोड़ने की धमकी दी। मांग सुनकर लड़की पक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गई। युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहगंज थाना क्षेत्र रहने वाले एक युवक की संविदा पर नौकरी के दौरान एक युवती से सगाई की। इसके बाद युवक का चयन यूपी पुलिस में हो गया तो उसके भाव बढ़ गए। युवक ने दहेज में 30 लाख रुपये न मिलने पर शादी से मना कर दिया। अचानक दहेज में तीस लाख की मांग सुनकर लड़की पक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गई। कोई रास्ता नहीं सूझने पर दहेज लोभी दूल्हे को सबक सिखाने के लिए लड़की पक्ष ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने लड़की पक्ष की ओर इस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आइस्क्रीम खरीदने गई मासूम से विक्रेता ने की घिनौनी हरकत

- थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र का मामला, भीड़ ने आरोपी की धुनाई कर पुलिस के हवाले किया, वीडियो वायरल

**आगरा (एनएनआई)।** ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र में आइस क्रीम खरीदने गई मासूम के साथ विक्रेता ने घिनौनी हरकत कर दी। मासूम बालिका की चीख सुनकर परिजनों को आता देख आइसक्रीम विक्रेता भागने लगा। भीड़ ने पकड़कर उसकी धुनाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भीड़ ने आरोपी को मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद से मासूम बच्ची दहशत में है। टेढ़ी बगिया क्षेत्र में रहने वाली मासूम कक्षा 2 की छात्रा है। उसके पिता मजदूरी करते हैं। वह कल शाम को बस्ती में आए आइसक्रीम वाले की आवाज सुनकर आइसक्रीम खरीदने के लिए गई। आरोप है कि ठेल वाले ने पकड़कर उसके साथ घिनौनी हरकत की। उसकी चीख सुनकर परिजन घर से बाहर आए। मासूम ने रोते हुए सारी बात मां को बताई। परिजनों को देख आइसक्रीम विक्रेता भागने लगा। इसकी जानकारी होने पर भीड़ ने आरोपी को पकड़कर धुनाई कर दी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम टिल्लू बघेल निवासी फिरोजाबाद बताया। आइसक्रीम विक्रेता के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना प्रभारी ट्रांस यमुना भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की करवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

# बेटे की चाह में बन गया किडनैपर!

## आगरा कैंट से अपहृत बच्चे को रेलवे पुलिस ने ग्वालियर से कराया मुक्त

- आरोपी ने बताया तीन बेटियां हैं, बेटा नहीं था, इसलिए ले गया अपने घर

एनएनआई

**आगरा।** बेटे की चाहत में वह बच्चा चोर बन गया। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर मासूम को अकेला देख वह उसे अपने साथ ले गए। प्लेटफार्म से बच्चे अगवा होने की खबर से रेल महकमे में हड़कम्प मच गया। जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए तकरीबन 250 सीसीटीवी कैमरों की मदद से बच्चे को सकुशल ग्वालियर में एक घर से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आरोपी ने बताया कि उसके पास पहले से तीन बेटियां हैं। बच्चे को रेलवे स्टेशन पर अकेला देख उसके मन मे बेटे की चाहत जाग गई। इसीलिए वह मासूम को अपने साथ घर ले गया।



एसपी जीआरपी अभिषेक वर्मा ने बताया की वारदात शनिवार दोपहर 1:30 बजे की थी। स्टेशन के पास फुटपाथ पर रहने वाले परिवार का 4 साल का बच्चा आर्यन आगरा कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर खेल रहा था। इस दौरान बच्चे की मां सोनू देवी नहाने चली गईं। वापस आकर देखा तो बच्चा गायब था। उसने इसकी सूचना जीआरपी और आरपीएफ को दी। इसके बाद रेलवे पुलिसबल सक्रिय हो गया। सीसीटीवी खंगाले गए। फुटेज में एक युवक बच्चे को अपने साथ उंगली पकड़कर ले जाते हुए दिखाई दिया। आरोपी 2:30 बजे जाने वाली आगरा-झांसी पैसेंजर में बच्चे को अपने साथ लेकर बैठ गया। फुटेज के आधार पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम ग्वालियर पहुंची जहां स्टेशन पर पर लगे सीसीटीवी में भी वह नजर आया। करीब 250 कैमरे खंगालने के बाद ग्वालियर के कंपू क्षेत्र में गांव बूढ़ा से आरोपी कोमल सिंह कुशवाह को पकड़ा गया।

बच्चा उसके घर पर खेलते हुए मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी रानी को बेटे की चाहत थी। उसके तीन बेटियां हैं। काफी इलाज कराने के बाद भी बेटा नही हुआ। शनिवार को वह काम से आगरा आया था। बच्चे को अकेले खेलता देख उसे अपने साथ पालन-पोषण के लिए ले गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# कथित भाजपा नेता चौकी पर कर रहा सुनवाई, पुलिस बता रही सफाई कर्मी

एनएनआई

**आगरा।** सदर थाने की सीओडी चौकी पर प्राइवेट व्यक्ति द्वारा जनसुनवाई किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आखिर वह किस हैसियत से शिकायत सुन रहा है। इसके बारे में शिकायतकर्ता ने जब पुलिस से जवाब मांगा तो एक्स हैंडल पर बताया गया कि वह चौकी का सफाईकर्मी है। एक्स पर वीडियो व फोटो पोस्ट करके शिकायत की गई तो डीसीपी सिटी के एक्स हैंडल से बताया गया कि उक्त व्यक्ति सफाई कर्मी है। जनसुनवाई नहीं कर रहा था। वहीं जिसे सफाईकर्मी बताया जा रहा है भाजपा का नेता है। उसके फोटो होर्डिंग्स में भी हैं।

शिकायतकर्ता ने पुलिस के जवाब के बाद एक्स पर फिर शिकायत की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीओडी चौकी पर बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि फोटो में दिख रही महिला के बयान दर्ज किए जाने चाहिए थे। वह महिला ही बता सकती थी कि चौकी पर शिकायत लेकर गई तो सुनवाई किसने की थी। सामने कुर्सी पर बैठा व्यक्ति उससे क्या पूछ रहा था। महिला के बयान लिए जाते तो हकीकत सामने आ जाती। सोशल मीडिया पर उस व्यक्ति का फोटो, नाम सहित वायरल हो रहा है जिसे पुलिस ने शिकायत के बाद सफाईकर्मी बता दिया। अब सवाल उठता है कि क्या चौकियों पर भी सफाईकर्मी नियुक्त किए जाते हैं। अगर वह सफाईकर्मी है तो फिर वह किस हैसियत से कुर्सी पर बैठकर सुनवाई कर रहा है। पुलिस के आला अधिकारी भी अब ऐसे मामलों में पर्दा डालने से नहीं चूक रहे।

ट्रेड मार्क/कॉपी राइट चेतावनी

PANCHHI पंछी
पंछी पेठा PETHA STORE www.panchhipetha.com

समस्त पेठा निर्माताओं/विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि वह हमारे मुवक्किल पंछी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड एवं पंछी पेठा स्टोर, नूरी दरवाजा, आगरा के जाने पहचाने नाम पंछी ब्रांड व लेवल का नकल करना व उससे मिलते जुलते नाम का दुरुपयोग करना बंद कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध ट्रेड मार्क, कॉपी राइट एक्ट की भिन्न-भिन्न धाराओं के तहत सिविल व क्रिमिनल की कानूनी कार्यवाई की जाएगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की स्वयं जिम्मेदार होंगे। पंछी पेठा स्टोर www.panchhipetha.com

हैड ऑफिस : भगत सिंह द्वार नूरी गेट, आगरा 02 मो. 7055500772

पंछी पेठा स्टोर, आगरा की अपनी शाखायें :

- धौलपुर हाउस (इम्पीरियल होटल के सामने) छीपीटोला, आगरा-मो. 7055500773
- रमाडा होटल से 340 मी. पहले टी.डी.आई. सिटी तथा जलसा रिसोर्ट के सामने, आगरा - मो. 9837022955
- पुष्पविला होटल के सामने (कलाकृति के पास), फतेहाबाद रोड, आगरा- मो. 8193085608
- सौदागर लाइन, सदर बाजार, पवन होटल के नीचे, आगरा-मो. 7055500774
- आतम मार्केट, नौलक्खा क्रॉसिंग, सदर बाजार, आगरा-मो. 7055500775
- कैला देवी ढ़ाबा के बगल में नोयडा एक्सप्रेस-वे के पास छलेसर रोड, आगरा-मो. 9634298943
- पाठक प्रेस, पूर्वी गेट, ताजमहल के पास, आगरा-मो. 9997644141

दिल्ली शाखायें :

- शॉप नं. 101, कनॉट पेलेस, आउटर सर्किल हल्दीराम शोरूम के सामने, नई दिल्ली-मो. 011-23327171
- शॉप नं. 2365, मैन रोड रोड, वैस्ट पटेल नगर, मैट्रो पिलर 215, नई दिल्ली-मो. 011-25702714

Advocate Manish Agarwal Jolly
M/S Chunna Babu Vinesh kumar Advocate & Co ( Estd 1951)
Trademark - Copyright Registration & Litigation Experts
Mob.: 98972-24192 96750-66606

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
## अपना आगरा

मंगलवार, 17 जून, 2025 www.nnindianews.com



# खतरा ही खतरा
## आपके हिस्से की गैस यहां हो रही चोरी!

- शहर से लेकर देहात तक जमकर फल-फूल रहा गैस चोरी का धंधा
- गैस गोदामों से लाकर हॉकर काट रहे हर सिलेंडर से 2 किलो गैस

एनएनआई



**आगरा।** शहर से लेकर देहात तक गैस एजेंसीयों के हॉकरों द्वारा गैस चोरी का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। बड़े सिलेंडरों से गैस की चोरी कर छोटे सिलेंडरों में भरकर ग्राहकों को लूटा जा रहा है। घनी आबादी के बीच चल रहे इस खेल का एक ताजा वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक गैस कंपनी का हॉकर एक दुकान का आधा शटर गिराकर सिलेंडरों से गैस की चोरी करते हुए साफ दिखाई दे रहा है।

वायरल वीडियो ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां एचपी गैस कंपनी का एक हॉकर दुकान का आधा शटर गिराकर सिलेंडर से गैस की चोरी कर रहा है। हॉकरों द्वारा घनी आबादी के बीच किए जा रहे इस खतरनाक खेल से आसपास के लोगों की भी जान को खतरे में डाला जा रहा है। आलम यह रहता ा है कि गैस चोरी के दौरान लीक होती गैस हवा में तैरती रहती है। बताया जाता है कि इन हॉकरों द्वारा प्रति रसोई गैस सिलेंडर से दो से ढाई किलो गैस चोरी कर उन्हें छोटे सिलेंडरों में भरकर बेचा जाता है। अथवा चार सिलेंडरों से गैस चोरी कर एक बड़ा गैस सिलेंडर तैयार करके बेच दिया जाता है।

हॉकरों द्वारा इस तरह से गैस चोरी कर ग्राहकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। गैस चोरी के चलते उपभोक्ता परेशान रहते हैं। सामान्य परिवार में महीने भर चलने वाला एलपीजी सिलेंडर बीस दिन में खत्म हो जाता है। शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं की जाती है। वहीं इस ओर से जिले का बांट माप विभाग गांधी जी के बंदर बना बैठा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हॉकर द्वारा दुकान को किराए पर खुद लिया गया है। दुकान के आसपास घनी आबादी क्षेत्र है। गैस की चोरी करते समय एक मासूम भी दुकान के बाहर खड़ा हुआ वीडियो में नजर आ रहा है। ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए तो जिम्मेदार अधिकारी लीपापोती करने के अलावा कुछ नहीं करते। जांच और कार्रवाई का तकिया कलाम पढ़कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती है।

### हवा में तैरती है गैस की गंध

गैस रिफलिंग वाले इलाकों में गैस हवा के साथ वातवरण में तैरती रहती है। आसपास रहने वाले इससे भयभीत रहते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। यही वजह है कि गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार करने वाले बेखौफ हैं। आखिर किसी हादसे बाद ही क्यों जिम्मेदार विभाग के सोए हुए अधिकारी जागते हैं। समय रहते क्यों नहीं कार्रवाई की जाती। हादसों को रोका जा सके।

### गैस एजेन्सी की मिली भगत

बताया जाता है कि ब्लैक में गैस बेचने वाले किसी न किसी गैस एजेन्सी से जुड़े होते हैं। अलग-अलग नाम से गैस लेकर थोक के भाव में कारोबार करते हैं। ब्लैक में गैस सिलेंडर बेचने वाले एक दुकानदार के अनुसार गैस एजेन्सी से सेटिंग कर रोजाना सिलेंडर लेता है। शहर में लगभग पांच सौ से ज्यादा गैस सिलेंडर ब्लैक में बेचे जाते हैं। वहीं कई सिलेंडर चाय और खानपान के होटलों व फैक्ट्री में सप्लाई किए जाते हैं।

# बेलनगंज बाजार गंदगी और जलभराव से बेहाल

- दो घंटे की बारिश ने ही बनाए नारकीय हालात
- महीनों इलाके में नहीं होती नालियों की सफाई
- नालियों का गंदा पानी और कचरा सड़कों पर बिखरा





एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था किस कदर कचरा हो गई है इसका अंदाजा शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार बेलनगंज में देखा जा सकता है। जगह-जगह बिखरा कचरा और गंदगी से अटी पड़ी नालियों का पानी सडकों पर बह रहा है, लेकिन मजाल है कि नगर निगम के अधिकारियों के कानों पर जूं रेंग जाए। सोमवार सुबह हुई बारिश के बाद शहर में गंदगी की समस्या और बढ़ गई है। नालियों के उफनने से उनका कचरा बाहर सड़क पर आ गया है। अब यह कचरा सड़कों और गली-मोहल्लों में बिखरा पड़ा है। नगर निगम के कर्मचारी इतने चौकस हैं कि उनको यह कचरा दिखाई नहीं पड़ रहा है।

शहर में सोमवार को हुई दो घंटे की झमाझम से छत्ता क्षेत्र के वार्ड बेलनगंज में जलभराव होने से क्षेत्रीय लोगों और दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महीनों से क्षेत्र की नालियों की सफाई नहीं हुई है। नतीजन गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। दुकानदार बाहर नहीं निकल पा रहे तो जल भराव देखकर ग्राहक भी बिदक रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार भूपेंद्र सिंह की लापरवाही के चलते ही क्षेत्र में नारकीय हालात बने हुए हैं। महीनों सफाई नहीं होने से नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं। यही वजह है कि बारिश में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। इसके चलते शहर के सबसे पुराने बाजार में दुकानदारों की ग्राहकी प्रभावित हो रही है। कारोबार करना मुश्किल हो रहा है। कल हुई बारिश का पानी आज तक सड़कों पर भरा हुआ है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि एक तरफ आगरा को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर हजारों करोड़ रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं। दूसरी ओर उनके ठेकेदार स्मार्ट शहर को कूड़ा घर बना रहे में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी सिर्फ सफाई के नाम पर गाल बजाकर अपने फर्ज की अदायगी कर बैठ जाते हैं।



"महीनों इस क्षेत्र में नालियों की सफाई नहीं होती है। थोड़ी सी बारिश में यहां की सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं। दुकानों के अंदर तक पानी भर जाता है। बेलनगंज थोक बाजार होने के कारण यहां दूराज-दराज से खरीददार आते हैं, लेकिन हालात देखकर वह भी बिना खरीददारी किए लौट जाते हैं। नगर निगम के अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। **अखिल कुमार, व्यापारी बेलनगंज**"



"हर वर्ष बारिश के कारण क्षेत्र में जल भराव हो जाता है। इसका कारण नालियों की नियमित सफाई न होना है। महीनों नालियों की सफाई नहीं होती है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर केवल फोटो खींचकर भेज दिया जाता है। सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। नगर आयुक्त और महापौर के दिखावटी दौरे भी इस क्षेत्र में को जलभराव से छुटकारा नहीं दिला पा रहे हैं। **अनिल जैन, व्यापारी**"

# मेधावी विद्यार्थियों को सलाम, समाज ने बढ़ाया हौसला

## 112 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

एनएनआई




**आगरा।** माथुर वैश्य मंडलीय परिषद, आगरा द्वारा पंचकुइयां स्थित महासभा भवन में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 112 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विशेष आकर्षण रहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित जिले की टॉपर सृष्टि गुप्ता (कक्षा 12) और इशिका गुप्ता (कक्षा 10)। परिषद द्वारा 11 असहाय महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई और समाज के दानदाताओं का भी अभिनंदन किया गया। मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि परिषद का उद्देश्य शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना है। जल्द ही एक ट्रस्ट का गठन कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मंत्री अचल गुप्ता ने बताया कि सृष्टि गुप्ता की प्रेरणा से उसके परिजनों ने समाज हित में 1.51 लाख रुपये का सहयोग किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, संरक्षक बाबू रोशन लाल गुप्ता, नीरा दिनेश, विनय गुप्ता, विनोद कुमार सराफ, मुकेश गुप्ता (इलेक्ट्रिक), दिवाकर गुप्ता, माथुर वैश्य महासभा के अंतरिम अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, महामंत्री मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, राकेश गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, पूर्व महासभा अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, राम मोहन कोठिया, वीरेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### बाह-पिनाहट में फर्जी बैनामों का खुलासा

# अरिदमन सिंह ने प्रशासन से लगाई रोक की मांग

एनएनआई



**आगरा।** बाह तहसील क्षेत्र में फर्जी बैनामों का मामला गरमाता जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा नेता अरिदमन सिंह ने भदावर हाउस से जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रशासन से फर्जी बैनामों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सब-रजिस्टर कार्यालय में अधिकारियों व भू-माफियाओं की मिलीभगत से बिना मालिकयत देखे फर्जी रजिस्ट्री की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि टाउन एरिया पिनाहट में उनके किराएदार ने उनकी पुश्तैनी दुकान का फर्जी बैनामा अपनी पत्नी के नाम करा दिया, जिस पर मुकदमा दर्ज हुआ और आरोपी जेल गए। बाद में उसी दुकान का बैनामा फिर किसी और को कर दिया गया। अरिदमन सिंह ने कहा कि बाह में प्रभारी सब रजिस्ट्रार तैनात हैं, जिन्हें नियमों की जानकारी नहीं है, जिससे भूमाफिया फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभारी को हटाकर नियमित सब रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जाए ताकि ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगे।

# ओडीओपी और एमएसएमई सम्मेलन में पेठा उद्यमी की चमक, ताज कन्वेंशन में हुआ सम्मान



एनएनआई

**आगरा।** होटल ताज कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) एवं एमएसएमई सम्मेलन में आगरा के पेठा उद्यमी राजेश अग्रवाल ने अपने उत्पादों की उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह (पर्यटन एवं संस्कृति विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री) ने मोमेंटो व सम्मान पत्र प्रदान कर पेठा उद्यमी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, लघु उद्योग राज्य मंत्री राकेश गर्ग और राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

# झुग्गी-बस्तियों में शुरू हुआ टीबी खोज अभियान, 30 जून तक चलेगा विशेष प्रयास

एनएनआई



**आगरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत झुग्गी, मलिन बस्तियों, वृद्धाश्रम, अनाथालय, मदरसे, जेल, लेबर मार्केट, निर्माण स्थलों आदि में टीबी मरीजों की पहचान के लिए सोमवार से विशेष स्क्रीनिंग अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुकेश गुप्ता ने बताया कि यह "100 दिवसीय सघन टीबी अभियान" का विस्तार है। अभियान के दौरान विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह रोगी, कुपोषित, नशा करने वाले, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले, एचआईवी संक्रमित आदि पर फोकस किया जा रहा है। टीमें संभावित लक्षण जैसे दो हफ्ते से अधिक खांसी, बुखार, सीने में दर्द, वजन घटना आदि वाले लोगों की जांच करेंगी। संदिग्ध मामलों में एक्सरे और नैट जांच कराई जाएगी। जनजागरूकता के लिए आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएं और निक्षय मित्र सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों व चिकित्सकों के वीडियो संदेश सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे हैं। पुष्टि होने पर मरीजों का निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।

# मेहंदी प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाई प्रतिभा, रिहान्शी रही प्रथम




एनएनआई

**आगरा।** सोमवार को सेमरी देवरी रोड स्थित रामकृष्ण गार्डन में एक रंगारंग मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन पूनम ब्यूटी स्टूडियो और सामाजिक कार्यकर्ता चंचल वर्मा ने किया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि सरोज चाहर (डायरेक्टर, जिला सहकारी विकास संघ) और वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सक्सेना ने बढ़ाई। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई बालिकाओं ने अपनी रचनात्मकता और कला का शानदार प्रदर्शन किया। खूबसूरत मेहंदी डिजाइनों से सजी हथेलियों ने सभी का मन मोह लिया। निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन के बाद रिहान्शी को प्रथम, सोनिया को द्वितीय और चाहत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे छात्राओं का उत्साह दोगुना हो गया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बालिकाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में आयुष, अनन्या, शिविन, दीक्षा, पायल, आराधना, निशा, प्रियंका, रियांशी सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं।

# अगरपुर में ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** राष्ट्रीय ज्योति कलश रथ यात्रा के अगरपुर पहुंचने पर सोमवार को ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रथ यात्रा ने अगरपुर, नगला हरसुख, वास मोहन सहाय, सकलपुर, ऊंचा, उस्मानपुर और मुढ़ी जहांगीरपुर गांवों का भ्रमण किया।

भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश की पूजा की और दीप यज्ञ में भाग लिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने रथ पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की। समापन नगला हरसुख में हुआ। इस अवसर पर पंडित शिव नारायण शर्मा, गगदीश सिंह कुशवाह, विजय पाल सिंह बघेल, प्रेमपाल सिंह बघेल, मोहन लाल सेठी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजबीर सिंह, राघवेन्द्र शर्मा, लोकेश तोमर, कुंवर प्रवीण चौहान, आदित्य तोमर, प्रशांत शर्मा, रिंकू चौहान, अभिषेक चौहान, सनी ठाकुर, मनीष ठाकुर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# टैक्सेशन बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों ने संभाली कमान

एनएनआई



**आगरा।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन आगरा के सत्र 2025-26 के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अग्रसेन सेवा सदन, लोहामंडी में सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट अक्षय कुलश्रेष्ठ और महासचिव एडवोकेट संजीव वशिष्ठ ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

उनके साथ अन्य पदाधिकारी-संदीप श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष आयकर), राघवेंद्र मधुर सिंघल (उपाध्यक्ष जीएसटी), संजीव यादव (कोषाध्यक्ष), देवेश सिंह परिहार (ऑडिटर), पीयूष खंडेलवाल (सचिव जीएसटी), मनीष गर्ग (सचिव आयकर), अवनीश सिंह भदौरिया (संयुक्त सचिव आयकर), अपूर्व सक्सेना (संयुक्त सचिव जीएसटी) एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजीव वशिष्ठ ने किया। एल्डर कमेटी के चेयरमैन दिलीप कुमार खंडेलवाल, सदस्य गिरीश कुमार अग्रवाल और इकबाल बेग ने शपथ दिलाई। पूर्व कार्यकारिणी द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत माल्यार्पण व स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। समारोह में अधिवक्ता समुदाय की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# छात्राओं ने सीखा ब्यूटीशियन का हुनर, आत्मनिर्भर बनने की ओर मजबूत कदम



एनएनआई

**आगरा।** रुडसेट संस्थान द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। प्रशिक्षक रजनी भटनागर ने बताया कि 35 दिवसीय प्रशिक्षण में अब तक 33 दिन का अभ्यास पूरा हो चुका है, जिसमें 32 छात्राएं नियमित रूप से भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से छात्राओं की दिनचर्या और सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। बीजेकेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. बी.आर. राजाराम लोधी ने संस्थान का दौरा कर छात्राओं से संवाद किया और उनके अनुभव सुने। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्रा रेनू ने बताया कि रजनी मैम उन्हें मातृत्व स्नेह से न केवल विषय सिखाती हैं, बल्कि हर जानकारी को गहराई से समझाने पर भी विशेष ध्यान देती हैं। इस अवसर पर अंजलि, पूनम, पूजा, मोनिका, सुमन लोधी, करिश्मा और पवन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बीएड प्रैक्टिकल शुरू, आरबीएस कॉलेज में औटा के विरोध से परीक्षा बाधित



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार से बीएड प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन 30 कॉलेजों में परीक्षा प्रस्तावित थी, जिनमें से 29 में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। केवल आरबीएस कॉलेज में औटा (आगरा यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन) के विरोध के चलते परीक्षा नहीं हो सकी। कॉलेज में छात्र और परीक्षक समय से पहुंचे थे, लेकिन विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत बहादुर सिंह ने औटा के विरोध का हवाला देते हुए परीक्षा कराने से इन्कार कर दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा न कराने पर पैनल्टी की चेतावनी दी है। औटा महामंत्री डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि अवकाश के दौरान परीक्षा कराने का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने प्राचार्यों व शिक्षकों से सहयोग न करने की अपील की है, हालांकि ड्यूटी पर जाने का निर्णय शिक्षकों पर छोड़ा गया है। इधर, बीएससी कृषि की प्रायोगिक परीक्षा 17 जून को होगी, जिसमें 15 कॉलेजों के लगभग 20 हजार छात्र शामिल होंगे। नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और छात्रों को थ्योरी वाले प्रवेश पत्र से ही परीक्षा देनी होगी।

# श्याम का प्रेमी होना छोटी बात नहीं है..

- कटरा जोगीदास स्थित श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर पर हुआ संकीर्तन का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** अलौकिक श्रृंगारित खाटू श्याम बाबा और संगीत की मधुर ध्वनि पर होता संकीर्तन। जयकारों के बीच भक्तों ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही भक्तिमय गीतों पर झूमते श्रद्धालु। यह नजारा था सोमवार को ताजगंज कटरा जोगीदास स्थित श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर का, जहां श्री श्याम लखदातार मित्र मण्डल सेवा समिति की ओर से आयोजित पंचम श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया। कीर्तन का शुभारंभ मंदिर संरक्षक कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अध्यक्ष राजू गोयल और सचिव मयंक अग्रवाल ने खाटू श्याम जी के न ज्योति प्रवज्जलित कर मंगल आरती उतार कर किया।

### आठ भजन गायको ने दी प्रस्तुति

भरतपुर से आये गायक विकास सोनी ने बांह पकड़ ले सांवरा कहीं छूट न जाये..., भरतपुर के ही नरेश खत्री ने फंसी भंवर में थी मेरी नैया..., आगरा के बंसी वर्मा ने बाबा तुम जो मिल गए गर्दिशो के दिन बदल गए...', अंशुल गोस्वामी ने तेरे नाम के पागल हैं.., विकास वर्मा ने भगतों के घर भी सांवरे आते रहा करो.., महक ठाकुर ने उसे आना पड़ेगा खाटू में दुबारा.., पियूष गोयल ने श्याम का प्रेमी होना छोटी बात नहीं है.. और राहुल शर्मा ने मुझे रास आ गया तेरे दर पर सर झुकना.. आदि भक्ति गीत गा कर भक्ति रस बिखेरा।

### श्याम दरबार की सजी मनोहारी छटा

श्याम बाबा का श्रृंगार रजनीगंधा, ऑर्चिड के फूल और बेला के फूलो से मंदिर पर फूल बांग्ला सजाया गया। कन्नौज के सुगन्धित इत्रों से श्याम दरबार सजाया। पवित्र इत्र वर्षा के मध्य अलौकिक श्रृंगार व अखंड ज्योति का श्याम प्रेमियों ने भक्ति लाभ प्राप्त किया। संकीर्तन में श्यामप्रेमी खाटू नरेश की भक्ति में बेसुध हो कर भक्ति में झूमते रहे। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, पार्थ शर्मा, कृष्णा वर्मा, जितेंद्र राठौर, पुनीत गोयल, संजीव पोरवाल, प्रदीप राठौर, बल्ले भाई, अनूप अग्रवाल, रुचिका, संध्या, शालिनी, मधु आदि मौजूद रहे।

# अब सीएचसी पर भी सस्ती दवाएं: जिले के 18 केंद्रों पर खुलेंगे जन औषधि केंद्र

**आगरा (एनएनआई)।** जिले के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर मरीजों को जल्द ही 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर दवाएं और सर्जिकल सामान उपलब्ध होंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जन औषधि केंद्र खोलने की योजना शुरू की है, जिससे हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव के अनुसार, एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व लेडी लॉयल जैसे बड़े अस्पतालों में पहले से जन औषधि केंद्र संचालित हैं। अब अछनेरा, एत्मादपुर, खेरागढ़, फतेहपुर सीकरी, पिनाहट, शमसाबाद, किरावली, बटेश्वर सहित 18 सीएचसी पर भी यह सुविधा शुरू की जाएगी। इन केंद्रों पर 450 से अधिक दवाएं और जरूरी सर्जिकल सामान बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। योजना का उद्देश्य यह है कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बाजार की महंगी दवाओं और सर्जिकल सामग्रियों पर निर्भर न रहना पड़े।



# किसान दुर्घटना योजना के तहत 19 को मिले 5-5 लाख के चेक

एनएनआई



**बाह।** दुर्घटना में परिवार के कमाऊ मुखिया को खोने वाले परिवारों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सोमवार को तहसील मुख्यालय बाह पर एडीएम नागरिक आपूर्ति अजय नरायन सिंह ने 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को देख सुनने के बाद यह कार्यक्रम हुआ अपने पति अजय सिंह को खोने वाली विप्रावली की पूजा,शैलेन्द्र सिंह को खोने वाली बीच का पुरा की रीना,सहदेव को खोने वाली देवगढ़ की पप्पी देवी,बबलू शर्मा को खोने वाली कान्हरपुरा की अनीता शर्मा,पूरन सिंह को खोने वाली कलींजर की कुसमा देवी, ओम प्रकाश को खोने वाली विजयगढ़ी की मंजू देवी, राधाकृष्ण को खोने वाली इमली के पुरा की सीता देवी,अनिल कुमार को खोने वाली लखनपुरा की कुसमा,महेश को खोने वाली खजुरियनपुरा की पुष्पा देवी, सिन्दल सिंह को खोने वाली टोड़ीपुरा की किरन देवी, इन्दल सिंह को खोने वाली टोड़ीपुरा की प्रिया,उमेश को खोने वाली बासौनी की विमला देवी, महेन्द्र सिंह को खोने वाली पलोखरा की मंजू देवी,मनोज कुमार को खोने वाली पुरा जवाहर की सपना देवी,भूरी सिंह को खोने वाली भदरौली की ममता आदि को 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गये। इस दौरान एसडीएम हेमंत कुमार,नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष,ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान,सत्यवीर सिंह, लाभार्थी परिवारों के गांवों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दबंगों की धमकी से दहशत में परिवार

एनएनआई



**बाह।** आगरा बाह मार्ग पर धोबई गांव स्थित जादौन फैशन शॉप में शनिवार आधी रात के बाद 1 बजे लगाई गई आग के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में दविश दी है। आग लगाने वाले की धमकी से फैशन शॉप के संचालक का परिवार दहशत में है। फैशन शॉप संचालक फरैयापुरा गांव के संजय सिंह के बेटे यतेन्द्र ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले दुकान पर आए एक युवक ने धमकी दी थी कि अंजाम भुगतने को तैयार रहे। शनिवार देर रात 1 बजे सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दाऊजी मंदिर पिनाहट निवासी पवन ने फैशन शॉप के गेट पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। उसने पूरे परिवार को जिंदा जलाने का प्रयास किया। आरोपी की धमकी से परिवार अनहोनी घटना को लेकर दहशत में है। आग लगाने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि फैशन शॉप में आग लगाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पॉलिथीन हटाओ अभियान के तहत वसूला जुर्माना




एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सफाई एवं खाद्य निरीक्षक निरेंद्र धाकरे के निर्देशन में पालिका कर्मियों द्वारा कस्बा क्षेत्र में पॉलिथीन छोड़ो अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के तहत दुकानदारों व आम लोगों को पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया इस दौरान कई स्थानों से पॉलिथीन प्रयोग किए जाने पर 450 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

# योग शिविर के तहत चलाया जागरूकता अभियान





एनएनआई

**पिनाहट।** सोमवार को ग्यारह वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत दुर्गपाल सिंह महाविद्यालय, पिनाहट में योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग योग प्रमुख डॉ.टीकम सिंह के मार्गदर्शन में हुआ उन्होंने आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। डॉ.टीकम सिंह ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं,बल्कि एक जीवनशैली है जो तन और मन को स्वस्थ रखती है यह भारत की ऋषि परंपरा की अनमोल धरोहर है, जिसे अपनाकर व्यक्ति तनावमुक्त और निरोग जीवन जी सकता है। उन्होंने समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया कार्यक्रम में छात्र शिक्षक,एवम स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान-योग गुरु धर्मेंद्र पाराशर,डॉ.राघवेंद्र चौहान, गोपाल गुप्ता,आकाश उपाध्याय, अंकुश शर्मा,राजकुमार गुप्ता, मनोज कुशवाह,हीरालाल रावत सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## गृहकलेश के चलते ओटो चालक ने लगाई फांसी

**पिनाहट।** गृहक्लेश से परेशान युवक ने अपने घर में अंगोछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बसई अरेला निवासी 35 वर्षीय जलालुद्दीन पुत्र रशीद खान ओटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार सुबह अपने घर के कमरे में दीवार पर खूंटी पर अंगोछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# क्षेत्र के लोगों को घर के नजदीक मिलेगा न्याय

एनएनआई

**बाह।** यमुना,उटंगन एवं चंबल नदी के बीच ऊंट की पीठ की शक्ल में बसी बाह तहसील के 214 गांवों के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब तहसील के सभी 9 थानों के वादियों की सुनवाई बाह के ग्राम न्यायालय में होगी। उन्हें फतेहाबाद तक की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अब तक सिर्फ बाह थाने के मुकदमे ही ग्राम न्यायालय में सुने जा रहे थे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा मृत्युंजय श्रीवास्तव जारी सर्कुलर के मुताबिक ग्राम न्यायालय बाह को बाह,चित्राहाट,जैतपुर,खेडा राठौर,पिढौरा,बसई अरेला, मंसुखपुरा,पिनाहट,बासौनी थानों से संबंधित अपराधों की सुनवाई का अधिकार प्रदान किया गया है।अपराधों का दायरा व निस्तारण ग्राम न्यायालय बाह में विधि



अनुसार संपादित होगा। वर्तमान में जो मामले अन्य न्यायालयों में लंबित हैं,उन्हें विधि अनुसार निस्तारण हेतु ग्राम न्यायालय बाह को नियमानुसार भेजने के आदेश भी जारी किए हैं। बार एसोसिएशन बाह के अध्यक्ष हरिओम पांडेय ने बताया कि अब तक ग्राम न्यायालय में सिर्फ बाह थाने के वादियों की सुनवाई हो रही थी। बीहड़ पट्टी के गांवों के लोगों को घर के नजदीक न्याय सुलभ कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर सभी थानों के वादों की सुनवाई का मामला उठाया था। उन्होंने ग्राम न्यायालय के जज शिवम वशिष्ठ को मिठाई खिलाते हुए कहा कि अब लोगों को घर के नजदीक न्याय मिल सकेगा। क्षेत्रीय वकीलों को भी लाभ मिलेगा। सभी थानों की सुनवाई का आदेश जारी होने पर ध्रुव पाराशर, राजेन्द्र सिंह,जमीर हुसैन, सुशील भदौरिया, पुलकित भदौरिया,संजीव यादव, दीपेश भदौरिया, उमाशंकर उपाध्याय, मुदस्सिर हुसैन, गिरजेश भदौरिया, वसीम पठान, अखिल प्रताप सिंह,पंकज कुशवाह आदि ने खुशी का इजहार किया है।

## पट्टे की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बले निवासी भूरी सिंह पुत्र सामंता को सरकार द्वारा कृषि हेतु एक पट्टा आवंटित किया गया था पट्टे धारक की मृत्यु के उपरांत ग्राम के दबंग किस्म के लोगों द्वारा जबरन अनाधिकार कब्जा कर लिया गया था इस मामले में पीड़ित के पुत्र चंद्रभान द्वारा मंडल आयुक्त आगरा मंडल एवं एस डी एम किरावली से शिकायत की गई है उक्त मामले मे शिकायत कर्ता ने बताया कि उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी ने अतिशीघ्र राजस्व टीम के माध्यम से अवैध कब्जा हटवाने की कार्यवाही अमल में लाई जाने का भरोसा दिलाया है। वहीं शिकायतकर्ता चंद्रभान ने बताया कि इससे पूर्व भी वह कई बार उक्त मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करता चला आ रहा है लेकिन अभी तक आश्वासन के अलावा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## जनसंपादकीय

### बांग्लादेश के कट्टरपंथी बनाम भारत के उदार पंथी

अगर भारत सरकार बांग्लादेशी प्राइम मिनिस्टर शेख हसीना को वापिस नहीं भेजती है, तो दोनों पड़ोसी मुल्कों में तनाव और बढ़ेगा। बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक उथल-पुथल और मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे बदलाव भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। जहां बांग्लादेश के कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान और चीन के प्रभाव में भारत-विरोधी एजेंडे को हवा दे रहे हैं, वहीं भारत की उदारवादी नीतियां सवालों के घेरे में हैं। यह असंतुलन न सिर्फ द्विपक्षीय संबंधों के लिए खतरा है, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। नीति निर्माताओं को याद रखना चाहिए कि जो दुश्मन को दया दिखाता है, वह अपने ही लोगों के साथ विश्वासघात करता है। चाणक्य ने कहा था। शेख हसीना के अगस्त 2024 में ढाका से पलायन के बाद से बांग्लादेश में भारत-विरोधी भावनाएं चरम पर हैं। अंतरिम सरकार ने भारतीय शिपयार्ड के साथ 21 मिलियन डॉलर के रक्षा सौदे को रद्द कर दिया और भारत के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगाए। जवाब में भारत ने बांग्लादेशी कपड़ा निर्यात पर 770 मिलियन डॉलर की रोक लगाई। ये कदम न सिर्फ आर्थिक संबंधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि दोनों देशों के बीच की कड़वाहट को भी बढ़ावा दे रहे हैं। अप्रैल में भारत सरकार ने देश के प्रमुख बंदरगाहों से बांग्लादेशी कार्गो के ट्रांशिपमेंट पर रोक लगाने के बाद रिश्तों में खटास और बढ़ चुकी है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी भारत को एक तानाशाह पड़ोसी के रूप में पेश करते रहे हैं, जबकि वे यह भूल जाते हैं कि 1971 के युद्ध में भारत ने ही उन्हें पाकिस्तान के चंगुल से आजाद कराया था। आज, उसी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, अल्पसंख्यक नेताओं की हत्याएं और मंदिरों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। सरकार इन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही है, या फिर शायद रोकना ही नहीं चाहती। बांग्लादेश के भाग्य विद्याओं को याद रखना चाहिए कि नफरत की आग में घी डालने वाला, खुद भी जलकर राख हो जाता है। बांग्लादेश ने हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार किया है। एक तरफ तो यह हिंदू नागरिकों का सफाया कर रहा है, और दूसरी तरफ रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत के कई हिस्सों में धकेल रहा है। इस सबने जनसांख्यिकीय संरचना को बदल दिया है। अब यह पूर्वोत्तर, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और अन्य क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए अपनी ताकत दिखा रहा है, एक सेवानिवृत्त फौजी ऑफिसर ने बताया। उन्होंने कहा किसी भी समस्या को टालना व्यर्थ ही रहेगा। अगर किसी के नितंबों पर फोड़ा हो, तो कान या नाक की जांच करने से कोई फायदा नहीं होगा। बांग्लादेश में बढ़ते कट्टरपंथ के पीछे पाकिस्तान और चीन का प्रभाव साफ दिखाई देता है। मार्च 2025 में यूनुस ने बांग्लादेश को भारत के नॉर्थईस्ट का समुद्री रक्षक बताया, जो चीन की रणनीति को उजागर करता है। पाकिस्तान, जो हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है, बांग्लादेश के कट्टरपंथियों को भड़का रहा है। अंतरिम सरकार ने जेलों से कट्टरपंथियों को रिहा किया है, जिसके बाद से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। यह स्थिति बांग्लादेश को पाकिस्तान की तरह एक टूटे हुए देश में बदल रही है, जहां अर्थव्यवस्था डूब रही है और सरकार चरमपंथियों के दबाव में काम कर रही है। गाली के मवाली जो सरकार को घेरे हुए हैं भूल रहे हैं, जो सांप को दूध पिलाता है, वह यह नहीं सोचता कि वह कब डस लेगा। बांग्लादेश की शत्रुतापूर्ण नीतियों के बावजूद, भारत ने चावल और अन्य सहायता भेजना जारी रखा है। विदेश मंत्रालय का मानना है कि यह उदारता बांग्लादेश को जीत लेगी, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है? प्रोफेसर पारस नाथ चौधरी जैसे विश्लेषकों का मानना है कि यह नीति अब पुरानी हो चुकी है। श्रीलंका में यह रणनीति कामयाब रही, लेकिन बांग्लादेश एक अलग मामला है, जहां कट्टर इस्लामी तत्वों का वर्चस्व बढ़ रहा है। अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की भूमिका इसे और जटिल बना रही है। शत्रु को कमजोर समझना, अपनी हार को आमंत्रित करना है। बांग्लादेश भारत के साथ 1,596 किमी की सीमा साझा करता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन का बांग्लादेश के चिकन नेक कॉरिडोर में बढ़ता प्रभाव भारत के नॉर्थईस्ट को चोक कर सकता है। इसके बावजूद, भारत अपनी आर्थिक और सैन्य शक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर रहा है। प्रोफेसर चौधरी का सुझाव है कि भारत को बांग्लादेश पर सैन्य दबाव बढ़ाकर उसे फिनलैंडाइजेशन (तटस्थता) की ओर धकेलना चाहिए। यह विचार कठोर लग सकता है, लेकिन वर्तमान हालात में साहसिक निर्णय लेने की आवश्यकता है। अगर शेर शाकाहारी बन जाए, तो भेड़िये उस पर हंसेंगे। वक्त आ गया है सख्त रुख अपनाने का। भारत की नरम नीति अब नादानी नहीं, बल्कि खतरनाक साबित हो रही है। बांग्लादेश में कट्टरपंथी भले ही बहुमत में न हों, लेकिन उनका दबदबा बढ़ता जा रहा है। भारत को यह समझना होगा कि दुश्मन को मनाने से कुछ हासिल नहीं होगा। अब समय आ गया है कि भारत एक स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाए। समय रहते चेत जाना ही बुद्धिमानी है, वरना इतिहास की गर्त में समा जाना निश्चित है। क्या मोदी सरकार इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए तैयार है? या फिर भ्रम के कोहरे में भटकती रहेगी? आने वाला वक्त ही बताएगा।

**बृज खंडेलवाल द्वारा**

# लेट खाना खायेंगे तो होगा नुकसान

**रात का खाना सही समय पर खाएंगे, तो इससे पेट की सेहत ठीक रहेगी और पाचन से जुड़ी समस्याएं भी नहीं होंगी। रात का खाना हमारे शरीर के लिए कई जरूरी कामों को दुरुस्त बनाए रखने में मदद करता है। आयुर्वेद और मेडिकल साइंस दोनों ही इस बात पर जोर देते हैं कि रात का खाना समय पर और सही मात्रा में खाना जरूरी होता है।**



विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार रात का खाना सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले कर लेना चाहिए। अगर आप रात 10 बजे सोते हैं, तो डिनर 7 बजे तक कर लेना सबसे अच्छा माना जाता है। ज्यादा लेट खाना खाने से सेहत को नुकसान होता है। डिनर लेट खाने का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि आपका पाचन तंत्र सही ढंग से काम नहीं कर पाता है। जब हम सोने के तुरंत बाद भोजन करते हैं, तो खाना पचने में कठिनाई होती है, जिससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं होने लगती हैं। पाचन क्रिया धीमी होने से शरीर में ऊर्जा का सही इस्तेमाल नहीं हो पाता, जिससे थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है. लेट डिनर से मोटापे का खतरा भी बढ़ जाता है। जब भोजन रात को देर से लिया जाता है और शरीर तुरंत सोने जाता है, तो कैलोरी बर्न नहीं हो पाती। इससे अतिरिक्त वसा जमा होने लगती है, जो शरीर में फैट बढ़ाने का कारण बनती है। कई रिसर्च में पता चला है कि रात में देर से खाना खाने वाले लोगों में डायबिटीज और हार्ट डिजीज का खतरा अधिक होता है। नींद पर भी डिनर के समय का गहरा असर पड़ता है. देर रात भोजन करने से नींद खराब होती है। भोजन पचने में शरीर को अधिक समय और ऊर्जा लगती है, जिससे सोते समय शरीर पूरी तरह आराम नहीं कर पाता है। इससे अनिद्रा, बेचैनी और नींद की कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करती हैं। अगर आप नियमित रूप से देर रात खाना खाते हैं तो यह आपके लिवर और किडनी पर भी बुरा असर डालता है। डिनर देर से लेने से शरीर में टॉक्सिन्स जमा हो सकते हैं, जो अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं। देर रात भोजन करने से ब्लड शुगर लेवल अनियमित हो सकता है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है।

अगर आप देर से खाना खा रहे हैं, तो डिनर में भारी और तली-भुनी चीजें लेने से बचना चाहिए. ऐसा खाना पचने में और भी ज्यादा कठिन होता है और इससे पेट में भारीपन, एसिडिटी और गैस की समस्या बढ़ जाती है.

डिनर का सही समय और सही भोजन सेहत के लिए जरूरी है, इसलिए कोशिश करें कि खाना जल्दी करें और सोने से पहले शरीर को आराम करने का पर्याप्त समय दें. आप सब्जियां, दाल, हल्का चावल या रोटी और सलाद जैसे पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लें. यह आपके पाचन को बेहतर बनाएगा और शरीर को रातभर स्वस्थ रखेगा. हमेशा ध्यान रखें कि सही डिनर समय से न केवल आपका पाचन तंत्र ठीक होता है, बल्कि इससे ओवरऑल हेल्थ को गजब के फायदे मिलते हैं.

(इस लेख में दी गई जानकारियां और सूचनाएं सामान्य जानकारियों पर आधारित हैं. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.)

# आइसलैंड दुनिया का अकेला देश है जो मच्छर-मुक्त है

दुनिया की एक बड़ी आबादी की जान मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से चली जाती हैं। कुछ मौसम ऐसे होते हैं जब मच्छरों की फौज जीना हराम कर देती है। भारत में तो कम से कम कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां मच्छर नहीं होते लेकिन दुनिया में एक ऐसा देश जरूर है, जहां मच्छर नहीं होते। साइंटिस्ट ने भी इसकी वजह तलाशने की कोशिश की कि ऐसा क्यों है। वो आपका खून चूसते हैं। कानों के आसपास भिनभिनाते हैं। उनकी काट वाली जगह खुजली के मारे बेहाल कर देती है। रातों की नींद छीन लेती है। कहा



जाता है कि वो दुनिया में मानव प्रजाति के लिए सबसे खतरनाक हत्यारे हैं। वे तमाम बीमारियां फैलाते हैं। आंकड़ें कहते हैं कि मच्छरों के कारण दुनिया में हर साल करीब 10 लाख लोगों की जान चली जाती है, क्या आपको मालूम है कि दुनिया का एक खुशकिस्मत देश ऐसा है जहां मच्छर नहीं होते। दुनिया के करीब हर देश में मच्छरों का आतंक होता ही है, बेशक कुछ मौसम में वो वहां से नदारद हो जाते हों लेकिन अनुकूल मौसम होते ही फिर आ धमकते हैं और भिन-भिन करने लगते हैं। काटते हैं और बीमारियों को जन्म देते हैं, तो क्या आप अंदाज लग सकते हैं कि दुनिया का वो अकेला देश कौन सा है जहां मच्छर नहीं होते.क्या फ्रांस, स्विट्जरलैंड, आयरलैंड या अमेरिका नहीं इनमें सभी देशों में मच्छर अनुकूल मौसम में प्रगट हो जाते हैं और उनकी भिन-भिन लोगों का जीना हराम कर देती है. दुनिया का एक ही देश है, जहां ये नहीं मिलते, इसे छोड़कर हर जगह होते हैं। इस देश का नाम है आइसलैंड,दुनिया में जितने मच्छर रोज मरते हैं, उससे ज्यादा पैदा हो जाते हैं लेकिन दुनिया में इस देश में इसका कोई खतरा नहीं हैआइसलैंड दुनिया का अकेला देश है जो मच्छर-मुक्त है और कोई भी वास्तव में नहीं जानता कि ऐसा क्यों है। यह अंटार्कटिका जितना ठंडा नहीं है. न ही आइसलैंड में तालाबों और झीलों की कमी है, जहां मच्छरों को प्रजनन करना पसंद है। आइसलैंड के पड़ोसियों – नॉर्वे, डेनमार्क, स्कॉटलैंड, यहां तक क ग्रीनलैंड में भी मच्छर पनपते हैं तो कह सकते हैं कि ये एक रहस्य है कि आइसलैंड में मच्छर क्यों नहीं हैं।

# भारत की जनसंख्या को लेकर देश में बड़ा बदलाव



भारत की जनसंख्या को लेकर देश में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। विश्व जनसंख्या नीति की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में प्रजनन दर घटती जा रही है. रिपोर्ट के अनुसार 2025 के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.46 अरब तक पहुंच सकती है, वहीं प्रजनन दर 1.9 पर आ गई है। भारत में भले ही रिपोर्ट के अनुसार प्रजनन दर कम हो चुकी हो, लेकिन फिर भी एक राज्य ऐसा है, जहां पर सबसे ज्यादा बर्थ रेट है। चलिए जानेंकि भारत की आबादी की उछाल में कौन सा राज्य सबसे आगे है। साल 2011 में हुई जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश और बिहार दो ऐसे बड़े राज्य है, जहां पर महिलाएं सबसे ज्यादा बच्चे पैदा करती है। रिपोर्ट की मानें तो भारत में 2022 में करीब 2.5 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड जन्मों की संख्या सबसे ज्यादा 54.5 लाख थी। इसके बाद बिहार का नंबर है, जहां पर आंकड़ा 30.7 लाख है और महाराष्ट्र में 19.2 लाख रहा। मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी बर्थ रजिस्ट्रेशन हाई रहा था। वहीं दक्षिण की बात करें तो साल 2022 में दक्षिण के राज्यों में तुलनात्मक रूप से कम बर्थ रजिस्ट्रेशन रहा। तमिलनाडु में 9.4 लाख, तेलंगाना में 7 लाख, आंध्र प्रदेश में 7.5, कर्नाटक में 10.4 लाख, केरल में सिर्फ 4.4 लाख बर्थ रजिस्ट्रेशन हुए हैंउत्तर प्रदेश में 2013 से अब तक 40 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि बिहार में 2013 में 16 लाख से ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई है, जो कि 10 साल में लगभग दोगुनी हुई है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखी गई है। कर्नाटक में 2013 में 10.4 लाख जन्म दर्ज किए गए जो कि 2017 तक बढ़कर 11 लाख हो गए, लेकिन फिर 2022 में घटकर 10.4 लाख हो गए. तमिलनाडु में भी गिरावट का रुख रहा. तमिलनाडु में 2013 में जहां बर्थ रजिस्ट्रेशन 11.9 लाख था, जो कि 2022 में कम होकर 9.4 लाख रह गया।

newsnextindia1@gmail.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया





# आलिया ने अपने हर लुक से महफिल में लगा दिये चार चांद

मुम्बई। आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में डेब्यू कर सभी का दिल जीत लिया था। एक्ट्रेस ने अपने हर लुक से महफिल में चार चांद लगा दिए। इस इवेंट के दूसरे दिन वह अपनी ब्लैक ड्रेस की वजह से खूब चर्चा में थीं। जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया था कि आलिया भट्ट अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाली है। इसी बीच, अब एक्ट्रेस का एक और लेटेस्ट वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद से वह जबरदस्त चर्चा में हैं कि क्या आलिया भट्ट ने अपना सरनेम बदल लिया है? वो भट्ट से आलिया कपूर बन गई हैं। कुछ समय पहले ही एक्ट्रेस ने शादी के बाद अपने सरनेम में %कपूर% जोड़ने की इच्छा जतायी थी। एक्ट्रेस का एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके बाद से सोशल मीडिया यूजर्स के बीच हलचल मची हुई है। उन्होंने अपने नए व्लॉग में फैंस को हिंट दी है कि वह रणबीर कपूर से शादी करने के बाद आलिया कपूर बन गई हैं। दरअसल, व्लॉग में आलिया ने अपने होटल के कमरे में लिखे हुए एक वेलकम नोट की झलक दिखाई है, जिसके सामने वह खड़ी थीं। होटल में उनका डियर आलिया कपूर के रूप में स्वागत किया गया। इसके बाद से ही लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि अब बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपने ऑफिशियल डॉक्यूमेंट में भी अपना नाम बदल लिया है। आपको बता दें कि मिड डे को दिए एक इंटरव्यू में, आलिया ने खुलासा किया था कि उनका स्क्रीन नाम हमेशा आलिया भट्ट रहेगा, लेकिन वह अपने ऑफिशियल डॉक्यूमेंट में भट्ट से कपूर कर देंगी। इस बीच, वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही एक्शन थ्रिलर अल्फा में नजर आयेंगी। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और वॉर 2 के बाद यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इसके अलावा आलिया भट्ट, संजय लीला भंसाली की रोमांस ड्रामा लव एंड वॉर में दिखाई देंगी जो 20 मार्च, 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी होंगे।

# फिल्म छोड़ने का नहीं है कोई पछतावा-काजोल

आमिर खान की 3 इडियट्स सुपरहिट फिल्मों में से एक है। ये फिल्म साल 2009 में आई थी, जिसमें आमिर के साथ आर माधवन और शरमन जोशी और करीना कपूर अहम रोल में नजर आए थे। ये फिल्म पहले काजोल को ऑफर हुई थी लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया है। अब सालों बाद काजोल ने फिल्म को रिजेक्ट करने के बारे में बात की है। काजोल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मां के प्रमोशन में बिजी है। उनकी इस फिल्म को अजय देवगन ने प्रोड्यूस किया है। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में बताया है कि बिना सोचे उन्होंने इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि उनके नसीब में वो फिल्म नहीं थी। काजोल से जब पूछा गया कि उन्हें किसी फिल्म को नहीं करने का पछतावा है जो बाद में सुपरहिट हुई हो। इसके जवाब में काजोल ने कहा- इसका सबसे अच्छा उदाहरण 3 इडियट्स है. लेकिन मुझे पछतावा नहीं है। मुझे लगता है वो फिल्म उनकी ही थी जैसे कहते हैं जिसके नसीब में लिखा हुआ है, उसे ही मिलता है। मुझे लगता है उस फिल्म के बिना भी मैंने खुद के लिए काफी अच्छा किया है। काजोल के रिजेक्ट करने के बाद ये फिल्म करीना कपूर के हाथ लगी थी। उसके बाद करीना का करियर बदल गया था। इस फिल्म का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।काजोल की फिल्म मां की बात करें तो ये एक माइथोलॉजिकल-हॉरर फिल्म है. जिसमें एक मां अपनी बेटी को बचाने के लिए राक्षसों से भी लड़ जाती है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे बहुत पसंद किया जा रहा है. ये फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# 'वॉर 2' में अलग पर्सनेलिटि में नजर आएंगे ऋतिक रोशन

ऋतिक रोशन की आने वाली फिल्म 'वॉर 2' रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में उनके लुक को तैयार करने वाली स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने बताया कि इस बार उन्होंने जानबूझकर ऋतिक के लुक को थोड़ा अलग तरीके से तैयार किया है। उनका लुक ऐसा रखा गया है जो एकदम असली भी लगे और किसी सुपरहीरो जैसा भी महसूस हो। 'वॉर 2' की कॉस्ट्यूम डिजाइनर ने बताया कि इस फिल्म में ऋतिक के किरदार को खास अंदाज में स्टाइल किया गया है, उससे उनकी स्क्रीन पर मौजूदगी पहले से भी ज्यादा दमदार और असरदार लगेगी। अनाइता ने कहा, "मैंने ऋतिक के साथ कई सालों से काम किया है। 'धूम 2', 'बैंग बैंग', अनगिनत इवेंट्स और ऐड में भी, हर बार कुछ नया करने का मौका मिला, लेकिन जब 'वॉर 2' फिल्म आई, तो मैंने जानबूझकर ऋतिक के लुक और स्टाइल में बड़ा बदलाव लाने का सोचा, ताकि उनका अंदाज पहले से बिल्कुल अलग और खास लगे। अनाइता ने आगे कहा, हमने ऋतिक के पुराने लुक से हटकर इस बार उन्हें ज्यादा स्मार्ट और स्टाइलिश लुक दिया है। ये लुक ऐसा है जो रियल भी लगे और थोड़ा सुपरहीरो जैसा भी। उनके लुक में सिर्फ आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक सहजता भी है। उन्होंने कहा कि 'वॉर 2' के किरदार में गहराई है और यह सब ध्यान में रखकर ऋतिक का कबीर के लुक और स्टाइल डिजाइन किया गया है। अनाइता ने कहा, "इस बार कबीर का नया रूप देखने को मिलेगा। किरदार की कई परतें हैं, जज्बाती तौर पर ही नहीं बल्कि दिखने में भी ऐसा प्रतीत होता है।



# अश्विन पर लगा गंभीर आरोप

## कैमिकल युक्त तौलियों से बॉल से करते हैं छेड़छाड़

### टीएनपीएल ने मांगे सबूत

**नई दिल्ली।** आर अश्विन पर ये गंभीर आरोप मदुरै पैंथर्स ने डिंडीगुल ड्रैगन्स ने लगाया है। टीम ने अश्विन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पूर्व भारतीय स्पिनर ने 14 जून को उनके मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की थी। भारतीय टीम के दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन इन दिनों मुश्किलों में फंस गए है। आर अश्विन पर तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) के दौरान गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। आर अश्विन पर ये गंभीर आरोप मदुरै पैंथर्स ने डिंडीगुल ड्रैगन्स ने लगाया है। टीम ने अश्विन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पूर्व भारतीय स्पिनर ने 14 जून को उनके मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की थी।



टीएनपीएल आयोजकों ने दावों के समर्थन में साक्ष्य की मांग की है। मदुरै पैंथर्स ने डिंडीगुल ड्रैगन्स पर रासायनिक उपचार वाले तौलिये का उपयोग करने का आरोप लगाया, जिससे गेंद भारी हो गई और बल्ले से टकराने पर धातु जैसी ध्वनि उत्पन्न हुई। इन गंभीर आरोपों के जवाब में टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि यद्यपि शिकायत स्वीकार कर ली गई है, फिर भी मदुरै को सबूत देना होगा।

उन्होंने कहा, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है, जिसे हमने स्वीकार कर लिया है। यद्यपि उन्हें खेल के 24 घंटे के भीतर कोई भी शिकायत दर्ज करानी होती है, फिर भी हमने इसे स्वीकार कर लिया है और उनसे अपने आरोपों का सबूत प्रस्तुत करने को कहा है। यदि हमें उनके आरोपों में कोई सच्चाई लगी तो हम एक स्वतंत्र समिति गठित करेंगे। पर्याप्त सबूतों के बिना किसी खिलाड़ी और दूसरी फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना गलत है। प्रसन्ना ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, "अगर वे कोई सबूत नहीं देते हैं, तो मदुरै को उचित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।"

मदुरै फ्रेंचाइजी के सीओओ एस महेश ने एक पत्र में शिकायत का विवरण देते हुए कहा कि चेतावनी के बावजूद डिंडीगुल ड्रैगन्स ने गेंद से छेड़छाड़ जारी रखी। डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ हमारे हालिया मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया। महेश ने अपने पत्र में लिखा, बार-बार चेतावनी के बावजूद डिंडीगुल की टीम ने गेंद के साथ छेड़छाड़ की और ऐसे तौलिये का इस्तेमाल किया जो रसायनों से उपचारित प्रतीत हो रहे थे।

बारिश के कारण कुछ समय के लिए विलंबित हुए इस मैच में मदुरै ने 20 ओवर में 150/8 का स्कोर बनाया, जिसे डिंडीगुल ने 12.3 ओवर में नौ विकेट रहते हासिल कर लिया। हालाँकि अश्विन ने कोई विकेट नहीं लिया, लेकिन उन्होंने ओपनर के तौर पर 49 रन बनाए। मानसून के मौसम में गीली परिस्थितियों को देखते हुए, तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन, फ्रेंचाइजियों को गेंद सुखाने के लिए तौलिए उपलब्ध कराता है, जो अंपायरों के सामने किया जाना चाहिए। कन्नन ने टीआईई से कहा, उन्हें टीएनपीएल द्वारा उपलब्ध कराए गए तौलिये का उपयोग करके ही गेंद को सुखाना पड़ता है। और जब भी गेंद पर छक्का लगता है या आउट होने और ओवर-ब्रेक के तुरंत बाद, अंपायर नियमित रूप से गेंद की जांच करते हैं और उन्हें उक्त मैच के दौरान गेंद में कोई समस्या नहीं मिली। कन्नन ने मदुरै फ्रेंचाइजी से अनुरोध किया है कि वे अपने आरोपों के समर्थन में कोई भी ठोस सबूत उपलब्ध कराएं।

# सुपर ओवर में रसूलपुर की नगला कराही पर ऐतिहासिक जीत



**फतेहपुर सीकरी।** बिल्ड फॉर सक्सेस क्रिकेट प्रीमियर लीग सत्र 2 में पांचवें दिन के मैचों में रसूलपुर, फोटोग्राफर आगरा की टीमों ने रोमांचक जीत हासिल की बता दे कि पहला मुकाबला रसूलपुर और नगला कराही के बीच खेला गया। रसूलपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 61 रन बनाए। जवाब में नगला कराही ने भी वही स्कोर दोहराते हुए मैच को सुपर ओवर तक पहुँचा दिया। सुपर ओवर में नगला कराही ने 16 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा लेकिन रसूलपुर के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह लक्ष्य हासिल कर सुपर ओवर में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। संदीप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला फोटोग्राफर आगरा और बसेरी फाइव स्टार के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोटोग्राफर आगरा ने 6 ओवर में 76 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बसेरी फाइव स्टार की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 ओवर में 48 रन ही बना सकी। विनीत राजपूत को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आयोजकों द्वारा विजयी टीमों को पुरस्कृत किया।

# सोफी डिवाइन का वनडे से संन्यास का ऐलान

### वर्ल्ड कप 2025 होगा आखिरी टूर्नामेंट

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन इस साल भारत और श्रीलंका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। हालांकि, वह टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में खेलती रहेंगी। सोफी ने इसकी घोषणा मंगलवार को की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट आने से पहले संन्यास का किया ऐलान 35 साल की डिवाइन ने वनडे से अपने रिटायरमेंट का ऐलान न्यूजीलैंड की 17 महिला खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट के आने से एक दिन पहले किया है। वे अब सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ग्रुप का हिस्सा नहीं होंगी। डिवाइन वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करेंगी और इसके बाद घरेलू सीजन से पहले नई वनडे कप्तान की नियुक्ति की जाएगी। 17 साल की उम्र में वनडे करियर की हुई थी शुरूआत डिवाइन का 19 साल का शानदार वनडे करियर 2006 में 17 साल की उम्र में शुरू हुआ था। वे न्यूजीलैंड की महिलाओं की वनडे मैच खेलने की सूची में सूजी बेट्स के बाद दूसरे स्थान पर हैं और रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर। वर्ल्ड कप के अंत तक वे 4000 रन पूरे कर डेबी हॉकली को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच सकती हैं।





### टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार तीन सुपर ओवर

# नीदरलैंड्स ने नेपाल को हराया

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच टी-20 ट्राई सीरीज के खेले गए मैच में जीत-हार का फैसला 3 सुपर ओवर के बाद हुआ। यह मैच आखिर में नीदरलैंड्स ने जीत लिया। टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार जीत-हार के लिए 3 सुपर ओवर का इस्तेमाल किया गया। दरअसल नीदरलैंड्स, नेपाल और स्कॉटलैंड के बीच ट्राई सीरीज स्कॉटलैंड में खेली जा रही है। टूर्नामेंट का दूसरा मैच नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच खेला गया। नीदरलैंड्स ने 7 ओवर में 152 रन बनाए पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड्स ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 152 का स्कोर बनाया। टीम के लिए तेजा निडामनुरु (35 रन, 37 गेंद) और विक्रमजीत सिंह (30 रन, 29 गेंद) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। नेपाल के स्टार संदीप लामिछाने ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए।

## मंगलवार, 17 जून राशिफल

आज बुधवार का दिन मेष राशि के जातकों के लिए कुल मिलाकर अनुकूल कहा जा सकता है। फिर भी आज आपको जोखिम वाले काम से दूर रहने की सलाह दी जाती है। आपको आज दोस्तों सगे संबंधियों से सहयोग मिलेगा लेकिन जरूरी यह भी है कि आप आज वाणी पर संयम बनाए रखें।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन कई मामलों में लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई बड़ी चाहत आज पूरी हो सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में आज कुछ नए अवसर भी प्राप्त होंगे। आपकी प्रगति को देखकर कुछ नए विरोधी पैदा हो सकते हैं। सलाह है कि आप आज साझेदारी के काम में सतर्क रहें। आप अपने जीवनसाथी के साथ डिनर डेट पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

मिथुन राशि के लोगों को आज कारोबार में लाभ मिलेगा। और कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा सफल रहेगी। आपको आज किसी सगे संबंधी से मिलने का भी मौका मिल सकता है अथवा मिलने का कार्यक्रम बन सकता है। किसी भी लेन-देन से जुड़ा मामला आपको लिखा-पढ़ी करके ही सुलझाना होगा, बिना कागजात के कुछ भी डील फाइनल न करें।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों के लिए बेहतर होगा कि वे अपने अधिकारी के साथ तालमेल बनाकर रखें। जो लोग नौकरी ढूंढने को लेकर परेशान हैं उन्हें कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा और निखरेगी।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज जोखिम वाले काम से बचना चाहिए। बिजली के उपकरण का प्रयोग सावधानी से करें। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने का प्लान बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा,अधिकारी वर्ग से आपको सपोर्ट मिलेगा।

कन्या राशि के जातकों को आज सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम करना होगा। दूसरों की बातों में आने से बचें और अपने काम एवं लक्ष्य पर फोकस करें। बिजनेस में आपकी कमाई आज अच्छी होगी। आपको आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। मामा और मौसी की ओर से आपको आज लाभ और सहयोग मिल सकता है। आपको आज मनपसंद भोजन मिल सकता है।

तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन खचीर्ला रह सकता है। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे जिन्हें आप आज चाहकर भी रोक नहीं पाएंगे। अगर कोई जमीन जायदाद से जुड़ा मामला चल रहा है तो इसमें आपको आज सफलता मिल सकती है लेकिन इस मामले में कहासुनी और तनाव भी मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभ का संकेत दे रहा है। आपको आज धन संपत्ति का लाभ मिलेगा। आप आज प्रॉपर्टी में निवेश करके भी लाभ अर्जित कर सकते हैं। आपके मन की इच्छा की पूर्ति होने से आप परिवार में आनंद उत्सव मना सकते हैं। आपका वैवाहिक जीवन आज सुखद रहेगा।

धनु राशि के लिए आज का दिन उन्नतिदायक रहेगा। आपको आज भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। आप जो भी कार्य करेंगे, सफलता आपके कदम चूमेगी। आपको पार्टनरशिप में कोई भी काम करने से बचना चाहिए, धोखा खा सकते हैं।


मकर राशि से आज तीसरे भाव में चंद्रमा का गोचर हो रहा है जिससे आज आप साहसिक फैसला ले पाएंगे। आपको आज बिजनेस में लाभ का मौका मिलेगा। आपकी आमदनी बढ़ने से आपको आज खुशी मिलेगा। परिवार में बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे और आपको आज कुछ रोमांचक काम करने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन कई मामलों में अच्छा रहने वाला है। यदि आप व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था आदि से कुछ पैसे उधार लेने की सोच रहे हैं तो आपको आज प्रयास करना चाहिए आपको लोन मिल सकता है। आपकी कोई पुरानी गलती सामने आ सकती है जिससे आपको परेशानी हो सकती है।


आज बुधवार का दिन मीन राशि के लिए भाग्यशाली रहेगा। आपकी राशि में शुक्र का हो रहा गोचर आपको भौतिक सुख साधनों का लाभ प्रदान करेगा। आज परिवार में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले जातकों का प्रभाव और सम्मान बढेगा।




डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752


Sky Tower
SASNI GATE
ALIGARH
Welcom to a themed society inspired by
the lifestyle of luxury
2/3 BHK LUXURY FLATS
Gym
Open Lawn
Temple
Rain Water
CCTV
Community Hall
Indoor Gym | Indoor Games | Library | Swimming Pool | Café | Kids Play Zone | Community Hall
Marketed By
BPA
Balaji
Properties Arcade
www.up-rera.in | UPRERAAPRJ396964
Rera Reg. No. : UPRERAPRJ10020 www.uprera.in
98215 93594


Balaji
Properties Arcade
UPRERAAGT11143
DWARIKA
galaxy
www.up-rera.in | UPRERA868408
HURRY UP!
JUST A FEW UNITS LEFT
AT DWARIKA GALAXY!
Shastripuram Rd, Agra
More information call us
+91 72528 24567
Easy Payment Modes
Loan Facilities Available


Sky Tower
SASNI GATE
ALIGARH
READY TO
MOVE IN TODAY
2/3 BHK LUXURY FLATS
Indoor Gym | Indoor Games
Library | Swimming Pool
Café | Kids Play Zone
Community Hall
Marketed By
BPA
Balaji
Properties Arcade
www.up-rera.in | UPRERAAPRJ396964
Rera Reg. No. : UPRERAPRJ10020 www.uprera.in
98215 93594


GSP
DIVINE
HOMES
The Era Of
Golden
Living
Easy Payment Modes
Loan Facilities Available
3 & 4 BHK
FLATS
8449443366 Ramghat Road, Aligarh